किसान सुविधा

मोबाइल एप्प

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार

किसान सुविधा

उपयोगकर्ता पुस्तिका

सूची

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1	डाउनलोड कैसे करैं	1
2	इंस्टालेशन और पंजीकरण	2
3	गोपनीयता एवं नोटिफिकेशन:	2
4	सुविधाएं	3
5	मौसम	4
6	उग्र मौसम चेतावनी	4
7	विक्रेता	4
8	मंडी मूल्य	5
9	पौध संरक्षण	6
10	फोटो अपलोड करे	6
11	कृषि सलाह	9
13	KCC से संपर्क करे	10
14	मृदा स्वस्थ्य कार्ड	10
15	कोल्ड स्टोरेज और गोदाम	11

किसान सुविधा मोबाइल एप्प कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा किसानो के लिए बनाया गया है। जिससे खेती-बाड़ी , बाजार भाव ,मौसम,विक्रेता,कृषि विशेषज्ञ से सलाह और पौधा संरक्षण आदि से सम्बंधित सारी जानकारी देश के किसानो को मिल सके।

किसान सुविधा मोबाइल एप्प में क्या-क्या सुविधाएँ हैं और इसका उपयोग करने का विस्तृत विवरण आप इस पुस्तिका से प्राप्त कर सकते है।

किसान सुविधा मोबाइल एप्प कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा किसानो के लिए बनाया गया है। जिससे खेती-बाड़ी , बाजार भाव ,मौसम,विक्रेता,कृषि विशेषज्ञ से सलाह और पौधा संरक्षण आदि से सम्बंधित सारी जानकारी देश के किसानो को मिल सके। किसान मोबाइल से ही उच्च तकनीक से कृषि पद्धति सीख सके। अपने खेती से सम्बंधित परेशानियों के लिए सीधे कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श ले सके। किसान सुविधा एप्प डाउनलोड कैसे करे और इसमें किसानो के लिए क्या-क्या सुविधाएँ हैं इसका विवरण आप इस पुस्तिका से प्राप्त/जान कर सकते है।

डाउनलोड कैसे करें:-

Android:-किसान सुविधा अप्प को आप अपने एंड्राइड वर्शन मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से "KISAN SUVIDHA" लिख के ढूंढ सकते है या डाउनलोड करने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें https://goo.gl/oWUue2



iOS:- किसान सुविधा अप्प को आप अपने iOS या iPhone वर्शन मोबाइल पर Apple स्टोर से "KISAN SUVIDHA" लिख के ढूंढ सकते है या डाउनलोड करने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें

https://goo.gl/GnLpFs

इंस्टालेशन और पंजीकरण:-

किसान सुविधा एप्प ओपन करने पर आपसे रजिस्टर करने के लिए कहा जायेगा। इसमें रजिस्टर करने से आपको समय-समय पर कृषि सम्बन्धी जानकारी मिलती रहेगी और इस एप्लीकेशन का उपयोग करने के लिए रजिस्टर करना भी जरुरी है। रजिस्ट्रेशन करने के लिए पहले भाषा चुनिए, आप हिंदी , English या अपनी स्थानीय कोई भी चुन सकते है। उसके बाद अपना नाम लिखे, अपना मोबाइल नंबर दे, फिर राज्य चुने, जिला चुने, तहसील चुने। इसे भरने के बाद "पंजीकृत करे " पर Tap कर दें। जैसे नीचे स्क्रीनशॉट/ चित्र में आपको बताया गया है।

अब इस एप्प का होमपेज खुल जायेगा। होमपेज में 8 विकल्प मिलेंगे। अब यहाँ किस ऑप्शन में आपको क्या-क्या सुविधा मिलेगा इसकी बारी-बारी जानकारी देते है।

गोपनीयता एवं नोटिफिकेशन:-

किसान सुविधा आपके मोबाइल से जीपीएस लोकेशन और मोबाइल कैमरा एक्सेस को मांगती है जिससे आप की लोकेशन के आधार पर आपको जानकारी दी जा सके | आपके द्वारा दी गई जानकारी जैसे आपका मोबाइल नंबर ,नाम और पता आदि पूर्णतया गोपनीय रखी जाती है और आपसे किसी भी प्रकार का OTP या वेरिफिकेशन नहीं करवाती है | किसी सुचना या जानकारी हेतु किसान सुविधा आपको SMS के माध्यम से नोटिफिकेशन देती है |

सुविधाएं :-

किसान सुविधा में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध है |

१ . मौसम

२ विक्रेता

३ मंडी मूल्य

४ पौध संरक्षण

५ कृषि सलाह

६ KCC से संपर्क करे

७ मृदा स्वास्थ्य कार्ड

८ कोल्ड स्टोरेज और गोदाम

१.मौसम : पहले मौसम पर Tap कीजिये। इसके बाद आपको आपके जिले का उस दिन का मौसम का हाल और अगले पांच दिनों का पूर्वानुमान बता दिया जायेगा । इससे जब किसानो को मौसम का पूर्वानुमान होगा तो वे फसल के लिए जरूर पूर्व तैयारी कर सकेंगे। जैसे ज्यादा बारिश या कम बारिश की संभावना होने पर कृषि के लिए आवश्यक योजना बना सकेंगे ।

उग्र मौसम चेतावनी :-

किसान सुविधा आज और अगले 5 दिनों के मौसम के पूर्वानुमान के अलावा उग्र मौसम की चेतावनी भी देता है ,इसके लिए आपको "मौसम " विकल्प के चेतावनी वाले चित्र पे Tap करना होगा ।

२.विक्रेता:

अब दूसरे विकल्प विक्रेता पर जाइये। यहाँ खेती के लिए बीज, कीटनाशक, उर्वरक, कृषि उपकरण आपके जिले में कहाँ से मिलेगा, उस



व्यक्ति का नाम और मोबाइल नंबर और पता दिया गया है।इससे आपको कृषि के लिए बीज तलाशने की जरुरत नहीं है, कृषि उपकरण चाहिए तो फ़ौरन विक्रेता को कॉल करके पता कर सकते है। फसल के लिए उर्वरक चाहिए तो विक्रेता से घर बैठे जानकारी ले सकते है।

३.मंडी मूल्य :तीसरे विकल्प मंडी मूल्य पर जाइये। यहाँ आपके जिले के अलग-अलग मंडियों में किस फसल के दाम कितने है इसकी पूरी जानकारी इस एप्लीकेशन में ही मिल जाएगी। कुछ इस तरह हर किसान चाहता है कि उसके फसल का अधिक से अधिक दाम मिले। इसके लिए किसान सुविधा एप्प आपकी पूरी मदद करेगा। अलग-अलग मंडियों के भाव पता करके सबसे ज्यादा दाम मिले ऐसे मंडी में अपना अनाज बेच सकेंगे।

४. पौध संरक्षण :-

चौथे विकल्प पौध संरक्षण में जाइये। यहाँ धान, गेहूं, सोयाबीन, सरसों, प्याज टमाटर और अन्य प्रमुख फसलों की रखरखाव के बारे में जानकारी मिलेगी।

किसान जिस फसल का उत्पादन कर रहे है उसके वनस्पति विकास के आधार पर अलग-अलग अवस्था में अलग-अलग प्रकार की बीमारियों और खर-पतवार का विवरण और रखरखाव से सम्बंधित सभी आवश्यक जानकारी मिलेगा।

फोटो अपलोड करे :-

अगर आपकी फसल की स्थिति दी गयी जानकारी के अनुरूप नहीं है तो आप अपनी फसल का फोटो खींच के कृषि विशेषज्ञ को इसी एप्प के माध्यम से भेज सकते है।

इसके लिए आपको अंत में आये कैमरे के चित्र जिसपे लिखा है "तस्वीर डालिये" पर करे जिससे आपके सामने एक नयी स्क्रीन होगी ।

जिसमे आपसे उस संक्रमण या नुकसान का पुरे खेत में प्रभाव की तीव्रता और उस से सम्बंधित विवरण को पुछा जायेगा इसके बाद तीन अलग अलग स्पष्ट फोटो (अलग अलग दिशा से) लेने को कहा जायेगा और अंत में उसके बाद "संचित करे " विकल्प को चुन के आप उस जानकारी को विशेषज्ञ तक पंहुचा सकते है ,यह जानकारी विशेषज्ञ को रोग या संक्रमण के तह तक जाने में मदद करती है |


86% 11:05 AM
किसान सुविधा
PAWAN KUMAR
उत्तर प्रदेश
आगरा
पौध संरक्षण >> Paddy (Dhan) >> पौध/नर्सरी >> नाशीजीव कीट >> पौधा फुदका >> कीट की अवस्था
अंडे


86% 11:05 AM
किसान सुविधा
PAWAN KUMAR
उत्तर प्रदेश
आगरा
पौध संरक्षण >> Paddy (Dhan) >> पौध/नर्सरी >> नाशीजीव कीट >> कीट
पौधा फुदका
पीला तना छेदक
गाल मिज

86% 11:05 AM
किसान सुविधा
PAWAN KUMAR
उत्तर प्रदेश
आगरा
पौध संरक्षण >> Paddy (Dhan) >> पौध/नर्सरी >> नाशीजीव कीट >> पौधा फुदका >> अंडे >> विवरण
नाशीजीव कीट:लक्षण,विवरण तथा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन क्रियायें
नाम - पौधा फुदका
कीट की अवस्था - अंडे
लक्षण - हानि न पहुंचाने वाली/निष्क्रिय अवस्था
एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन क्रियायें
पारम्परिक व्यवहारिकपद्धति - मेढ़ पर खरपतवार न उगने दें निरंतर चावल का उत्पादन न करें

86% 11:05 AM
किसान सुविधा
PAWAN KUMAR
उत्तर प्रदेश
आगरा
पौध संरक्षण >> फ़सल
0
Paddy (Dhan)
Wheat
Soybean (bhat)
Mustard
Onion
Tomato

सलाह:-

हमारे विशेषज्ञ आपकी फसल की स्थिति के आधार पर देख के आपको अपनी राय SMS के माध्यम से देते है , उनकी दी गयी राय आपको इसी एप्प पे ऊपर लिफाफे पर Tap करने से भी मिल जाएगी | इस तरह से आप अपनी फसल को सुरक्षित करने में इस ऑप्शन की मदद ले सकते है |

५. कृषि सलाह :पांचवे विकल्प कृषि सलाह में Tap कीजिये।

यहाँ आपको आपके एरिया के कृषि विशेषज्ञ से आवश्यक सभी जानकारी मिल जायेगा। इसमें बुआई से लेकर कटाई तक क्या-क्या कार्य करना चाहिए और क्या नहीं ये सभी जानकारी मिलेगा।

अगर किसानो को उन्नत खेती करना है तो कृषि विशेषज्ञ से सलाह अत्यंत आवश्यक है। बहुत से किसान इन विशेषज्ञों की सलाह का लाभ नहीं ले पाते। लेकिन अब घर बैठे किसान सुविधा एप्प के द्वारा इन विशेषज्ञों के दिशा निर्देश का लाभ कृषि में ले सकेंगे।

६. KCC से संपर्क करे: इसके छठे ऑप्शन में किसान कॉल सेंटर में बात करने की सुविधा दिया गया है, जिससे केवल एक क्लिक में आप कॉल सेंटर में फोन लगा सकेंगे। बहुत से किसानो को किसान कॉल सेंटर के बारे में भी पता नहीं होगा कि कृषि संबंधी समस्या के लिए पूछताछ नंबर भी उपलब्ध है। इसलिए किसान सुविधा एप्प में इसका डायरेक्ट ऑप्शन दिया गया है। जिससे आप आसानी से किसान कॉल सेंटर में बात कर सके।

वैसे किसान कॉल सेंटर का टोल फ्री नंबर 1800-180-1551 है। इस नंबर पर किसान कृषि सम्बन्धी समस्या के लिए कॉल कर सकते है और इसके लिए कोई भी चार्ज नहीं लगता। इस तरह किसान सुविधा एप्प किसानो के लिए घर बैठे खेती बाड़ी सलाहकार की तरह है।

७.मृदा स्वस्थ्य कार्ड:- यह विकल्प आपको आपकी मृदा स्वस्थ्य कार्ड की स्थिति की जानकारी देता है , जिससे आप अपनी मृदा में उपस्थित खनिज लवण जान पाए और उसमे उचित खेती कर पाये

८. कोल्ड स्टोरेज और गोदाम :- इस विकल्प में आपको अपने सम्बंधित राज्य / जिले चुनने के उपरांत जिले में स्थित गोदाम एवं शीतगृह की जानकारी जैसे गोदाम /शीतगृह का नाम , प्रबंधक का नाम ,पता, भण्डारण क्षमता एवं फोन नंबर आदि प्राप्त कर सकते है